भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2251

सोमवार, 2 अगस्त, 2021/11 श्रावण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

वृंदावन में पर्यटन सुविधा केन्द्र का निमार्ण कार्य

2251. श्रीमती हेमामालिनी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वदेश दर्शन योजना के विकास हेतु चयनित कृष्णा सर्किट के तहत वृंदावन में पर्यटन सुविधा केन्द्र के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) योजना के अनुसार निर्माण कार्य के कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ग) स्वदेश दर्शन योजना के विकास हेतु चयनित कृष्णा सर्किट के अंतर्गत वृंगोवर्धन के विकास कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) योजना के अनुसार कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): परियोजना अर्थात वृंदावन, जिला मथुरा में पर्यटन सुविधा केन्द्र का निर्माण वर्ष 2014-15 में पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के तहत रु. 9.36 करोड़ की लागत से अनुमोदित की गई थी । पर्यटन केन्द्र सुविधा का निर्माण पूरा कर लिया गया है और सितम्बर 2019 में उद्घाटन कर दिया गया है।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के कृष्णा परिपथ के तहत गोवर्धन और वृंदावन के विकास के लिए कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

****